Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding storage of medicines for desired effect-laid.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): किसी भी दवा की प्रभावी आयु तथा उसको ठीक तापमान में रखना औषधि के रोगी /रोग पर प्रभाव के लिए अत्यंत आवश्यक होता है ।

किसी भी दवा की आयु फार्माकोपिया से निर्धारित होती हैं । हमारे देश में कोई शोध ना होने के कारण अमरीका, ब्रिटेन और यूरोप के फार्माकोपिया को मान्यता दी जाती है, जबकि इन देशों में केवल अमरीका को छोड़कर भारत जैसी गर्मी कहीं नहीं पड़ती । इसका सीधा प्रभाव भारत में स्वीकृत दवाओं की प्रभावी आयु पर पड़ने के कारण प्रभावित दवाएं रोग व रोगी पर कारगर नहीं होती हैं । इसी तरह दवाओं को कूल ड्राई प्लेस पर रखने की बात कही जाती है, जबकि हमारे यहां एक ही समय में अलग-अलग स्थानों पर तापमान में बहुत अंतर होता है, जैसे जैसलमेर में हम ठंडे मौसम को ठीक मानते हैं वह शिमला में गर्म की श्रेणी में आता है ।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि दवाओं के पूरे असर के लिए अपने देश में दवाओं की आयु व किस तापमान (जैसे A डिग्री सेल्सियस से B डिग्री सेल्सियस) में स्टॉक दवाओं को रखा जाने हेतु शीघ्र फार्माकोपिया करने के साथ ही आवश्यक निर्देश दिया जाए ।